भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
लोक उद्यम विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1847

दिनांक 14 मार्च, 2022 को उत्तर देने के लिए

सरकारी क्षेत्र के उद्यमों का कार्य-निष्पादन

1847. श्री जी.एम. सिद्देश्वर:

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कोविड-19 से प्रभावित काल के दौरान देश में सरकारी क्षेत्र के उद्यमों के कार्य-निष्पादन का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान महत्वपूर्ण क्षेत्रों की नवरत्न कंपनियों का कार्य-निष्पादन कैसा रहा;

(ग) क्या उक्त कंपनियों में लागत कम करने के कोई प्रयास हुए हैं जिससे कार्मिकों का रोजगार छिना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) उन सरकारी उद्यमों के नाम क्या हैं जिन्होंने घाटा कम करने के क्रम में कार्मिको की संख्या घटाई है?

उत्तर
वित्त राज्य मंत्री
(डॉ. भागवत किशनराव कराड)

(क): उपलब्ध जानकारी के अनुसार, दिनांक 31.03.2021 को 255 परिचालन केंद्रीय सरकारी लोक उद्यम (सीपीएसईज़) हैं, जिनका वर्ष 2020-21 में कुल कारोबार 24,26,045 करोड़ रुपये है। इनमें से 177 सीपीएसईज़ 1,89,320 करोड़ रुपये के कुल लाभ के साथ लाभ कमा रहे हैं। लाभ कमाने वाले सीपीएसईज़ के कुल लाभ में 37.53% की वृद्धि हुई है और वित्तीय वर्ष 2019-20 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान घाटे में चल रहे सीपीएसईज़ के कुल हानि में 29.86% की कमी आई है।

(ख से घ): वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए नवरत्न सीपीएसईज़ द्वारा प्रदान की गई जानकारी के आधार पर, अधिकांश नवरत्न सीपीएसईज़ के संबंध में पिछले वर्ष की तुलना में समग्र लाभ के मामले में कार्य-निष्पादन में सुधार हुआ है। किसी भी नवरत्न सीपीएसईज़ ने लागत में कटौती के प्रयासों के कारण नौकरियों के नुकसान की सूचना नहीं दी है।

*****